मनमानी | जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

# मौत के मुहाने पर मजदूरी : गाडरवारा रेलवे ब्रिज बना 'खतरनाक जाल'



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** विकास के नाम पर गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर बन रहा ब्रिज अब सुविधा नहीं, बल्कि मजदूरों के लिए मौत का फंदा बनता जा रहा है। 40ङ्क50 फीट की ऊंचाई पर मजदूरों से बिना हेलमेट, बिना सेफ्टी बेल्ट और बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के काम कराया जा रहा है—क्या उनकी जान की कोई कीमत नहीं यह पूरा खतरनाक खेल रेलवे इंजीनियर अनुपम पांडे की मौजूदगी में खुलेआम चल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात—जैसे ही कैमरा सामने आया, एक मजदूर को तुरंत नीचे उतारने की कोशिश की गई।

### सवाल साफ है

- अगर सब कुछ सही है, तो कैमरा देखते ही हड़बड़ी क्योंड़
- दो महीने से उठ रहे सवाल, फिर भी 'सिस्टम' सो रहा है!
- इस निर्माण कार्य पर पिछले दो महीनों से लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय मीडिया ने बार-बार इस मुद्दे को उजागर किया, लेकिन
- न अधिकारियों ने संज्ञान लिया
- न ठेकेदार की मनमानी रुकी क्या यह लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की मिलीभगत है।

### नाबालिग घायल, मामला दबाने की कोशिश

सूत्रों के अनुसार, निर्माण के दौरान एक नाबालिग मजदूर के घायल होने की घटना सामने आई, जिसे दबाने की कोशिश की गई। अगर यह सच है, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि गंभीर अपराध है। वहीं, जिम्मेदार इंजीनियर का कैमरे के सामने बयान देने से इनकार— क्या यह चुप्पी सच छिपाने की कोशिश है।

**बड़ा सवाल:** हादसे का इंतजार क्योंड़ यह मामला रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है क्या मजदूरों की जान इतनी सस्ती हो गई है। क्या नियम सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी इस मामले की स्वतंत्र जांच हो दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए वरना यह अधूरा पुल किसी दिन एक बड़ी त्रासदी की हेडलाइन बन जाएगा।

## वैशाख पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई नर्मदा में डुबकी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** वैशाख मास की पूर्णिमा का अपने आप में ही अलग महत्व है।इस अवसर पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा में समीपी घाटों पर पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया। ककरा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजन अर्चन किया।इसी क्रम में समीपी करोंदी घाट में भी झंडा चढ़ाने और मेला लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## घर -घर हुये गायत्री यज्ञ

**तेंदूखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा परम वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक बेला में विश्व व्यापी यज्ञ उपासना के तहत1 मई बैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर गृहे गृहे गायत्री यज्ञ आयोजित किए गए।इस विश्वव्यापी अभियान के जन जागरण हेतु गायत्री परिजनों के माध्यम से तेंदूखेड़ा तहसील के गायत्री प्रज्ञा मंदिर काचरकोना इमलिया ग्वारी कढैली सुआतला सहित विभिन्न स्थानों पर सक्रीय परिजनों ने मिशन के प्रज्ञा गीत एवं जयघोषों के साथ विश्व व्यापी गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना की गई गायत्री हवन पूजन किया।

# साप्ताहिक नया बाजार में नहीं है समुचित व्यवस्थाएं



**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर के नया बाजार क्षेत्र में हर मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक मंगल बाजार विशाल स्वरूप ले चुका है। यह नया बाजार टॉकीज एरिया से लेकर रिपटा से फुहारा चौक तक फैला रहता है, वहीं नया बाजार के बड़े ग्राउंड में भी सैकड़ों दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। इस दौरान हजारों की संख्या में आसपास के ग्रामीण और शहरवासी खरीदारी के लिए पहुंचते हैं।इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बावजूद बाजार में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव बना हुआ है। नगर पालिका द्वारा प्रत्येक व्यापारी से ?20 से 10 तक की नियमित वसूली की जाती है, जिससे हर सप्ताह अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इसके अनुपात में सुविधाएं नजर नहीं आतीं। कुछ समय पूर्व सीमित क्षेत्र में कुछ शेड (सेट) बनाए गए थे, जो पूरे बाजार के हिसाब से नाकाफी हैं। वर्तमान में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन जनसुविधाओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया है।सबसे बड़ी समस्या पेयजल और शौचालय की है। इतने बड़े बाजार क्षेत्र में आज तक स्थायी पानी की टंकी का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। वहीं पूरे बाजार में केवल एक सुलभ शौचालय की व्यवस्था है, जो इतनी भीड़ के हिसाब से बेहद कम और अपर्याप्त है। इससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों और व्यापारियों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब नियमित रूप से शुल्क वसूला जा रहा है, तो सुविधाएं क्यों नहीं दी जा रही हैं। उनका कहना है कि दूर-दराज से आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ रहा है।नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि बाजार से हो रही आय के अनुरूप पेयजल की स्थायी व्यवस्था (पानी की टंकी), पर्याप्त शौचालय, शेड, साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, ताकि साप्ताहिक बाजार में आने वाले हजारों लोगों को राहत मिल सके।

## नित्या चौकसे ने रोशन किया गोटेगांव क्षेत्र का नाम, एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर बनी डॉक्टर



**नवभारत/ गोटेगांव** निवासी नित्या चौकसे ने अपने पिता नीरज चौकसे एवं चाचा पंकज चौकसे के सपने को साकार करने के क्रम में दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज नागपुर से पढ़ाई कर एमबीबीएस यूजी की डिग्री हासिल करते हुए डॉक्टर बन गयी नित्या चौकसे के डाक्टर बनने की खुशी में घर परिवार सहित गोटेगांव क्षेत्र में खुशी का माहौल है बधाईयां देने वाले लोगों रिश्तेदारों का क्रम लगा हुआ है .

## पटेल वार्ड में गंदा पानी सड़कों पर नगर पालिका की लापरवाही से जनता त्रस्त



**नवभारत/ गाडरवारा।** शहर के पटेल वार्ड में इन दिनों हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। वार्ड की गलियों में निस्तार का गंदा पानी खुलेआम सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। गंदे पानी के कारण पूरे इलाके में बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के बीमार होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्कूली बच्चे रोजाना इसी गंदगी से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे अभिभावकों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की लापरवाही के चलते यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

# छोटा पुराना पुल राहगीरों के लिए बना मुसीबत



**नवभारत/गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम कमोद के पास तहसील मुख्यालय नरसिंहपुर को जोडने वाला करीबन 67 लाख की लागत से निर्मित वर्षों से पडा निर्माणाधीन सीसी सांकल मार्ग जो कि इन दिनो अनेक समस्याओ से ग्रस्त पड़ा हुआ है। जहां एक ओर संबंधित रोड एजेंसी द्वारा इस सीसी सडक निर्माण कार्य में लापारवाही के कारण टूट फूट हो कर चकनाचूर हो रही है। तो वही दूसरी ओर पुल पुलिया निर्माण कार्य को लेकर भी बडी अनदेखी की गई है। हालांकि सीसी सडक निर्माण कार्य के वक्त शेड नदी के पुल के साथ साथ अनेक बडी छोटी पुलियो का निर्माण कार्य तो काराया गया है। लेकिन इन सबके वावजूद स्थानीय ग्राम पंचायत कमोद तथा रहली गांव के बीचो बीच नाला पर बना रिपटा आकार का छोटा पुराना पुल जिसका नए सिरे से निर्माण कार्य नहीं किया गया है और निर्माण एजेंसी के द्वारा पुरानी पुलिया पर ही सीसी सडक बना डाली। बल्कि यहां पर ना तो रैलिंग की कोई उचित व्यवस्था की गई है। ना ही पुलिया की कोई हाइट बढाई गई है। इस कारण रैलिंग विहिन उक्त पुलिया कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।वही पुलिया उस पार हाल ही में संचालित किया गया उप स्वास्थ्य केन्द्र जहां पर बारिस के दिनो में पुलिया पर जल भराव होने की स्थिति में कमोद कमोदी सरेलु टोला इत्यादि गांव के रोगियों को अपना इलाज करावाने वहां पर आसानी से पहुंचना आसान नही दिख रहा है। इसके आलावा आसपास के शिक्षा ग्रहण करने हेतु आने वाले अनगिनत छात्रगण भी इस समस्या से अछूते नही है। कुल मिलाकर सांकल मार्ग स्थित इस पुलिया के जरिये लगभग दौ सौ गांव के नागरिक जो कि रोजाना आवागमन किया करते है।उन सभी को बारिश के मौसम में असुविधा उठानी पड़ेगी। नागरिकों द्वारा संबंधित पीडब्लूडी विभाग का ध्यानाकृषित कराया जाता है कि सीसी सांकल मार्ग पर कमोद तथा रहली गांव के बीच नाला पर वर्षों से निर्मित इस पुलिया की हाइट बढाने के आलावा दुर्घटना से वचाव हेतु रैलिग आदि की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए। ताकि आने वाले समय में समस्या ग्रस्त पुलिया पर कोई अप्रिय घटना ना हो सके।

## गाडरवारा की बेटी राशि बजाज ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, IIM से MBA कर रचा इतिहास



**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी कु. राशि बजाज ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वह श्री राम किशोर बजाज एवं प्रतिभा बजाज की सुपुत्री हैं। देश की प्रतिष्ठित CAT परीक्षा, जिसे सबसे कठिन परीक्षाओं में गिना जाता है, में हर वर्ष लाखों विद्यार्थी शामिल होते हैं। ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में राशि ने पहले ही प्रयास में मात्र 3 महीनों की तैयारी के साथ 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान Indian Institute of Management Kashipur से MBA की डिग्री प्राप्त कर अपने सपनों को साकार किया। उनकी इस सफलता से परिवार, समाज और गाडरवारा नगर में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों ने राशि की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवारजनों और शुभचिंतकों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उन्हें जीवन में निरंतर सफलता, सम्मान और प्रगति प्राप्त हो।

### एक नजर में



## आजाद मानस मंडल का संगीतमय श्री सुंदरकांड आयोजित

**नवभारत/ करेली।** नगर की धार्मिक संस्था आजाद मानस मंडल ने नगर के प्रतिष्ठित वर्मा परिवार के अखिलेश वर्मा कानूनगो तहसील करेली के ईमार सिटी स्थित नवीन निवास पर संगीतमय पाठ सानिध्य संपन्न किया गया। मंडल के भजन गायकों के द्वारा राम नाम की माला जपे रे कोई दिलवाला,जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तर जाते हैं,जहां नाथ रखोगे वही मैं रहूंगा जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा,लेके जाना लेके जाना लेके जाना रे हरि का नाम थोड़ा थोड़ा भजन गाये गये.श्री सुंदरकांड में मुकेश श्रीवास्तव,बृजेश श्रीवास्तव,पवन श्रीवास्तव,भारत भसीन,मोहनलाल नेमा,गंगाराम बड़कुर,रामजी बड़कुर,संजू मेहरा, अमित कोल,शान श्रीवास्तव,उदय,मनोज नामदेव, संजय बडकुर,शंकर,अनुज कौरव,शिवम ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिए रहे।

## पत्रकारिता के जनक भगवान नारद मुनि की जयंती




**नवभारत/ करेली।** पत्रकारिता के जनक भगवान श्री नारद मुनि जी की जयंती के पावन पर्व पर इस साल *शनिवार, 2 मई 2026* को मनाई जाएगी। करेली भगवान नारद मुनि जयंती शनिवार को पूर्व राज्य सभा सांसद ,लोक तंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी जी के निवास स्थान तपस्या कर्तव्य पथ पर करेली में दोपहर 4 बजे मनाई जाएगी द्य अत: समस्त जिले के पत्रकारों के साथ साथ नागरिकों की उपस्थित का आग्रह किया जाता है।

## करेली में घर-घर जनगणना कार्य शुरू

**नवभारत/ करेली।** नगर में वर्ष 2026 की जनगणना का कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। गणेश वार्ड सहित नगर के सभी 15 वार्डों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने का काम सतत रूप से किया जा रहा है। जनगणना टीम निर्धारित प्रक्रिया के तहत नागरिकों से आवश्यक जानकारी ले रही है। गणेश वार्ड में प्रगणक, नगर पालिका सुपरवाइजर आसिफ खान एवं वार्ड प्रभारी गौतम रजक जनगणना कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। टीम द्वारा प्रत्येक घर तक पहुंचकर परिवार के सदस्यों, शिक्षा, रोजगार और अन्य जरूरी विवरणों का संकलन किया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों के लिए सटीक आंकड़े तैयार किए जा सकें।

## अनियंत्रित हुई कार बाल-बाल बचा चालक

**नवभारत/गोटेगांव** विगत दिवस ग्राम पंचायत कमोद में करीबन सायं साढे चार बजे के आसपास उस वक्त एक भयानक गंभीर हादसा टल गया कि जब एक कार सांकल मार्ग के जरिये गोटेगांव की ओर से नरसिंहपुर साइड आ रही थी कि अचानक उसी वक्त गांव में प्रवेश होने के दौरान कार का संतुलन बिगडने पर वह सीधी पुलिया के पास सडक किनारे गड्ढे में जा गिरी। वह कार गिरते ही वहां आसपास मौजूद लोगो द्वारा आनन फानन में किसी भी तरह कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस संदर्भ में वहां मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा वतलाए अनुसार कार की रफ्तार काफी कम होने के कारण एक बडा गंभीर हादसा टल गया। हालांकि दुर्घटना ग्रस्त कार के परख्चे उड चुके है। वही इस कार में चालक के अलावा कोई अंन्य लोग सवार नही थे। वही कार को भी क्रेन मशीन के जरिये बाहर निकाला गया है।



## गाडरवारा में घरेलू गैस का अवैध कारोबार! होटलों-ढाबों में धड़ल्ले से उपयोग, एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध

**नवभारत/ गाडरवारा।** तहसील क्षेत्र में घरेलू एल पी जी गैस सिलेंडरों के बड़े पैमाने पर अवैध व्यावसायिक उपयोग का मामला सामने आया है, जिससे न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन हो रहा है बल्कि जनसुरक्षा पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित चाय-नाश्ता केंद्र, होटल, ढाबे एवं निजी कैटरिंग आयोजनों में घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार इन सभी के लिए कमर्शियल गैस कनेक्शन अनिवार्य है। आरोप है कि इस पूरे मामले में कुछ गैस एजेंसियों की भूमिका भी संदिग्ध है, जो जानबूझकर या मिलीभगत के तहत घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को कर रही हैं। इस अवैध उपयोग से सरकारी सब्सिडी का दुरुपयोग हो रहा है आम उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है बिना सुरक्षा मानकों के उपयोग से आग व विस्फोट का खतरा बढ़ रहा है स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही जाए।

# मोनू की चौथी पुण्यतिथि पर जिले भर में हुए सेवा कार्य



**नवभारत/ गोटेगांव।** कीर्तिशेष मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को नगर सहित पूरे जिले में विविध सेवा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा, फल वितरण, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण तथा धार्मिक आयोजनों के माध्यम से उन्हें स्मरण किया गया। मुख्य कार्यक्रम गोटेगांव स्थित मणि स्मृति स्थल, मणिनागेंद्र सिंह सैनिक पब्लिक स्कूल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए। सुबह गोटेगांव स्थित मणि स्मृति स्थल पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष आरती सतीश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा हाकम सिंह चढ़ार, राजकुमार जैन,राजू राजपूत, अंजनी दीपक सोनी, संतोष दुबे,स्नेहलता श्रीवास्तव, पंकज चौकसे, अर्जुन मालगुजार, विक्की तिवारी, संदीप पटेल संदीप विश्वकर्मा वीरेंद्र तिवारी सहित क्षेत्रीय पार्षदगण मौजूद रहे। मोनू भैया मित्र मंडल, पार्षदगण, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने स्मृति स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके विचारों, संघर्ष और समाजसेवा के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि मोनू भैया ने शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, वह आज भी प्रेरणा दे रही है। स्मृति स्थल के कार्यक्रम के बाद लाठगांव बाईपास पर नवनिर्मित मणिनागेंद्र सिंह सैनिक पब्लिक स्कूल परिसर में वृक्षारोपण एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेंद्र नागेश सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया।

# सांदीपनी स्कूल साईखेड़ा में नवीन भवन उद्घाटन को लेकर रणनीतिक बैठक



**नवभारत/ साईखेड़ा।** जनपद क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सांदीपनी स्कूल साईखेड़ा में प्रस्तावित नवीन विद्यालय भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी सत्र की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में शत-प्रतिशत छात्र नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। इसके साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को साइकिल, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा बैठक में ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यों के सुचारू संचालन, 3.0 पोर्टल पर शिक्षकों की सर्विस बुक एंट्री अद्यतन करने तथा आगामी जनगणना कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं गति बनी रहे। बैठक के दौरान अनुशासन संबंधी बिंदुओं पर भी विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में बिना वरिष्ठ कार्यालय की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ा जाए। सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### कार्यक्रम

बैठक में संकुल प्राचार्य के.एस. भदौरिया ने नवीन भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर प्रकाश डाला। वहीं, विद्यालय प्राचार्य चन्द्रशेखर विश्वकर्मा ने विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति एवं आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। बीएसी वरिष्ठ अध्यापक प्रशांत राय एवं सरदार सिंह राजपूत सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम में संकुल एवं जनशिक्षा केंद्र साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बैठक को आगामी नवीन भवन उद्घाटन कार्यक्रम की सफलता एवं शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## वैशाख माह में शिवरात्रि के शुभ पर्व पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव



**नवभारत/गाडरवारा ।** वैशाख माह के पावन अवसर पर, हर वर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ पर्व पर भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में गाडरवारा के बीजासेन वार्ड स्थित साहू गणेश मंदिर में मां गौरा के सुहागले का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक कार्यक्रम अंजना साहू के आयोजन में सम्पन्न हुआ, जिसमें 56 बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और विधि-विधान से मां गौरा का सुहागले कराया। पूरे आयोजन में आस्था, भक्ति और उल्लास का सुंदर वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन में उषा, सपना , पिंकी, ममता, ज्योति, बत्ती, सुषमा, आरती, भारती, मीरा, स्वाति, चेतन, विनीता, संध्या, सोनू, चंदा, राधा, वंदना, रजनी, गुड़िया, नीतू, शालिनी, नेहा, रानी, यशोदा, सरिता, रंजन, शशि, प्रीति सभी साहू, प्रिया, रीता, शशि,सारिका, नेहा सभी सोनी, सुषमा दुबे, राधा गोस्वामी,जयंती शाह, रश्मि नीखरा, मोनिका कुर्मी, शिखा कुर्मी,वंदना दुबे,मीना नगाइच, मधु ठाकुर, सुनीता जाधाव, रूबी चौकसे, सहित अन्य बहनों का विशेष सहयोग रहा। कायक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।